पाठ-५

# स्वच्छता का पाठ

## STUDY NOTES

**विषय प्रतिपाद्य-**

गरमियों की छुट्टियों में गोलू अपने दादा जी के पास आया था। उसे मजा आता था लेकिन पहली बार ऐसा हुआ कि उसे मजा नहीं आया। दादी जी के पूछने पर वह बताता है कि उसके सभी साथी बीमार थे। कारण था गंदगी। लोग इधर उधर कूड़ा फेंक देते, जिससे मक्खी-मच्छर बीमारी फैलाने का कार्य करते। गाँव के सभी बच्चे बीमार हो रहे थे। गोलू स्वच्छता-अभियान के बारे में बताता है। वह अस्पताल जाकर डॉक्टर से बातकर एक योजना बनाता है, डॉक्टर गाँववालों को बुलाते हैं। वे बताते हैं कि बच्चे बार-बार बीमार हो रहे हैं। उनका तबादला दूसरे गाँव में हो गया और नए डॉक्टर को आने में एक महीना लग जाएगा। सब लोग स्वच्छता का ध्यान नहीं रखते। बच्चे बीमार हो जाएँगे और उनका इलाज नहीं हो पाएगा। डॉक्टर के कहने पर सभी साफ़-सफ़ाई का ध्यान रखते। एक महीने बाद डॉक्टर सभी गाँववालों को बुलाकर बताते हैं कि गाँव को साफ सुथरा देखकर पुरस्कार के लिए चुना है। सभी डॉक्टर का धन्यवाद करते हैं, लेकिन डॉक्टर गोलू को धन्यवाद कहने के लिए कहते हैं। सबने गोलू को धन्यवाद कहा और प्रशंसा की। उम्र में छोटा होकर भी उसने सभी को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। गोलू की छुट्टियाँ खत्म हो रही थी। वह अपने पापा के साथ वापस जा रहा था। सभी उसे बस स्टॉप पर छोड़ने आए।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**मौखिक-**

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| छुट्टियाँ | बीमार | मक्खियाँ | अभियान | स्वच्छता |
| डॉक्टर | स्थानांतरण | पुरस्कार | धन्यवाद | स्टॉप |

२. कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए।

क) गोलू कहाँ आया था?

उ: गोलू अपने दादा-दादी जी के घर आया था।

ख) गोलू बोर क्यों हो रहा था?

उ: सभी दोस्तों की बीमार होने के कारण वह खेल नहीं पा रहा था। इसलिए गोलू बोर हो रहा था।

ग) बच्चों की बीमारी का कारण क्या था?

उ: बच्चों की बीमारी का कारण गंदगी थी।

घ) गोलू ने अस्पताल में किससे बात की ?

उ: गोलू ने अस्पताल में डॉक्टर से बात की।

ङ) गोलू किसके साथ वापस आ गया था ?

उ: गोलू अपने पापा के साथ वापस आ गया था।

**लिखित-**

**१. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।**

क) आजकल हर जगह सफाई **अभियान** चलाया जा रहा है।

ख) **डॉक्टर** ने भी स्वीकारा कि **गंदगी** के कारण सबकी तबियत खराब हो गई।

ग) गोलू ने अपनी **योजना** डॉक्टर को बता दी।

घ) आपके गाँव की साफ़-सफ़ाई देखकर सरकार ने इसे **पुरस्कार** के लिए चुना है।

ङ) अगले साल की छुट्टियाँ मे हमें कोई नई **सीख** देना।

**२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

क) गोलू को कहाँ आना अच्छा लगता था ?

उ: गोलू को अपने दादा-दादी के घर आना अच्छा लगता था।

ख) दादी ने गोलू से क्या पूछा ?

उ: दादी ने गोलू की उदासी देखकर यह पूछा कि अरे ! गोलू बेटा क्या हुआ ? खुश दिखाई नहीं दे रहे। अब बड़े हो रहे हो तो क्या गाँव पसंद नही आ रहा ?

ग) भीरू काका ने क्या बताया था ?

उ: भीरू काका ने यह बताया था कि गाँव के सभी बच्चों को उलटी-दस्त हो रहा है।

घ) डॉक्टर ने गाँववालों को क्यों बुलाया ?

उ: डॉक्टर ने गाँववालों के साथ साफ-सफाई तथा बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में बताने के लिए बुलाया था।

ङ) डॉक्टर ने गाँववालों को कौन-सी खुशखबरी सुनाई ?

उ: गाँव की साफ-सफाई देखकर गाँव को पुरस्कार मिला है। डॉक्टर ने गाँववालों को बुलाकर यही खुशखबरी सुनाई।

**३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।**

क) गोलू किस बात से बहुत परेशान था ? विस्तार से लिखिए।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

उ: गोलू हर साल गरमियों की छुट्टियों में अपने दादा-दादी के घर आता था। उसे गाँव में आकर अच्छा लगता था। इस बार उसे मजा नहीं आ रहा था क्योंकि उसके सभी मित्र बीमार थे। बीमारी के कारण गाँव में चारों तरफ फैली गंदगी थी। यही सब देखकर गोलू परेशान था।

ख) गोलू ने गाँव में साफ़-सफ़ाई के लिए कौन-सा उपाय किए?

उ: गोलू ने अपनी दादी से बात की, वह अस्पताल में डॉक्टर से मिला तथा एक योजना बनाई। डॉक्टर के कहने पर सभी गाँववालों ने साफ़-सफ़ाई का ध्यान रखा। गोलू के उपाय की वजह से गाँव साफ़ रहा और पुरस्कार भी मिला।

ग) 'अरे मेरे अकेले से थोड़ी न कुछ होगा। वैसे भी अब बची ही कितनी जिंदगी है।' पाठ की इन पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

उ: जब गोलू ने दादी को बीमारी का कारण बड़े लोगों द्वारा सफाई न रखना बताया तो दादी को विश्वास नही हुआ। उसने यह बताया कि हर जगह सफाई अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता के बारे में रेड़ियों, टि.वी. सभी बता रहे हैं। बडे लोग कुछ सीखना ही नहीं चाहते तब दादी ने कहा कि उनसे अकेले कुछ न होगा। अब उनकी थोडी-सी जिंदगी तो बची है। दादी को कठिन लग रहा था।

**भाषा-ज्ञान-**

**१. पाठ में प्रयुक्त कुछ सर्वनाम शब्द लिखिए।**

उ: वह, मैं, तुम, मुझसे, ये, हम, आप, इन, हमें

**२. वार्तालाप लेखन।**

वार्तालाप को संवाद कहते हैं। भाषा के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त करना संवाद है। संवाद दो या अधिक व्यक्तियों के बीच होता है, जैसे- दो दोस्तों के बीच संवाद।

मोहन - ये लोग पानी व्यर्थ गिरा रहे हैं।

अर्जुन - हाँ, तुमने सही कहा। ये लोग बेवजह खर्च कर रहे हैं।

मोहन - मेरी समझ में यह नहीं आता कि जब इन्हें पानी की जरूरत नहीं है तो पानी क्यों फेंक रहे हैं?

अर्जुन - यह इसलिए, क्योंकि इन्हें पानी से खेलना पसंद है और ये बिना जरूरत पानी गिराते रहते हैं।

मोहन - लेकिन ऐसा करना अच्छा नहीं है।

अर्जुन - हाँ, तुम ठीक कहते हो।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**३. मिलान कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| क) गाँव के रहनेवाला | - | ग्रामीण |
| ख) जिसका दोष न हो | - | निर्दोष |
| ग) जल में रहने वाला | - | जलचर |
| घ) वन में रहने वाला | - | वनचर |
| ङ) इतिहास से संबंध रखने वाला | - | ऐतिहासिक |

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow